राजस्थान सरकार

स्वायत्त शासन विभाग राज. जयपुर

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन्स फाटक सी–स्कीम, जयपुर।
टेलीफैक्स :– 0141–2222403, ई–मेल:–dlbrajasthan@gmail.com वेब साईट:– www.lsg.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक :– एफ 55( )Engg./CE/DLB/17/ 19783 दिनांक :– 01/11/2017

आदेश

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) अन्तर्गत आवासन एंव शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता एंव शहरों मे आपस मे प्रतिस्पर्धा हेतु स्वच्छ सर्वेक्षण किया जाकर शहरों की रेकिंग निर्धारित की जावेगी।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2018, 4 जनवरी 2018 से राज्य के सभी शहरों मे किया जावेगा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 हेतु पूर्व मे निकायों को निर्देशित किया जा चुका है। राज्य स्तर पर वर्कशॉप का आयोजन कर सभी निकाय प्रमुखों तथा आयुक्त/अधिशाषी अधिकारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के बारें मे विस्तार से बताया जा चुका है।

निकायों द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा हेतु उप निदेशक (क्षेत्रीय) स्तर पर समीक्षा बैठको का आयोजन किया जाकर निकायों को स्वच्छ सर्वेक्षण मे अच्छे पायदान पर रेकिंग हेतु प्रेरित किया जाना है।

निर्देशानुसार उपनिदेशक क्षैत्रीय स्तर पर समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जाना निर्धारित किया जाना है।

क्र. स.	उप निदेशक (क्षैत्रीय)	दिनांक एंव समय	स्थान
1.	उपनिदेशक (क्षैत्रीय) कार्यालय जयपुर तथा उनके अधीन समस्त निकाय के आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी तथा स्वच्छ भारत मिशन इंचार्ज उपस्थित होंगे।	08.11.2017 प्रातः 11.00 बजे	स्वायत्त शासन भवन सभागार (DLB)
2.	जोधपुर एवं उनके अधीन निकाय	10.11.2017, प्रातः 11.00 बजे	नगर निगम जोधपुर सभागार
3	बीकानेर	17.11.2017, प्रातः 11.00 बजे	कलेक्ट्रेट सभागार बीकानेर
4.	अजमेर	24.11.2017, प्रातः 11.00 बजे	मा0 शिक्षा बोर्ड सभागार
5.	कोटा	01.12.2017, प्रातः 11.00 बजे	नगर निगम कोटा सभागार
6.	भरतपुर	08.12.2017, प्रातः 11.00 बजे	नगर निगम भरपुर सभागार
7.	उदयपुर	15.12.2017, प्रातः 11.00 बजे	जिला कलेक्ट्रेट सभागार उदयपुर

उपरोक्तानुसार उपनिदेशक (क्षैत्रीय) स्तर पर उनके अन्तर्गत आने वाली समस्त निकायों की समीक्षा बैठक श्रीमान प्रमुख शासन सचिव महोदय की अध्यक्षता मे संबंधित उपनिदेशक (क्षैत्रीय) की निकायों की निर्धारित तिथि एंव समय पर आयोजित की जावेगी। जिसमे प्रमुखतया निम्न बिन्दुओ पर समीक्षा की जावेगी।

1. स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति एंव स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 हेतु तैयारिया
2. रोड रिपेयर की प्रगति
3. MJSA
4. अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से

अतः उप निदेशक (क्षैत्रीय) समस्त को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त रिव्यू मीटिंग मे शिड्यूल के अनुसार आयोजन हेतु समस्त तैयारिया कर अग्रिम कार्यवाही करवावें।

मिटिंग मे भाग लिये जाने हेतु आने एंव जाने हेतु किराये की टैक्सी का भुगतान संबंधित उपनिदेशक (क्षैत्रीय) की किसी भी निकाय से किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(पवन अरोड़ा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांक :– एफ 55( )Engg./CE/DLB/ 16/ 19784-19935 दिनांक :– 01/11/17

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. प्रमुख शासन सचिव माननीया मुख्यमंत्री महोदया, राजस्थान सरकार।
2. विशिष्ठ सचिव माननीय मंत्री महोदय स्वायत्त शासन विभाग।
3. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग।
4. संयुक्त सचिव, मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार।
5. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव स्वायत्त शासन विभाग।
6. निदेशक (स्वच्छता)
7. जिला कलेक्टर समस्त।
8. निजी सहायक, अतिरिक्त निदेशक, निदेशालय।
9. निजी सहायक मुख्य अभियंता निदेशालय।
10. निजी सहायक मुख्य लेखाधिकारी निदेशालय।
11. उपनिदेशक क्षैत्रीय समस्त का भेजकर लेख है, कि समीक्षा बैठक हेतु समस्त तैयारिया करते हुये बैठक कार्यवाही विवरण जारी किये जाने की व्यवस्था करवावें।
12. प्रोगामर निदेशालय विभागीय बेवसाईट पर अपलोड किया जाने हेतु।
13. सुरक्षित पत्रावली।

(मुकेश कुमार मीना)
अतिरिक्त निदेशक